# आरईएस अग्नि काण्ड: विभाग से गायब हो गई जांच प्रतिवेदन एवं नस्ती?

## आरटीआई में अपील के बाद मांग के विरुद्ध दी गई आधी-अधूरी जानकारी को लेकर खड़े हो रहे सवाल

नवभारत न्यूज

**सीधी, 21 नवम्बर। आरईएस अग्नि काण्ड मामले में विभाग से जांच प्रतिवेदन एवं नस्ती गायब हो गई? आरटीआई में अपील के बाद मांग के विरुद्ध आधी-अधूरी दी गई जानकारी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

बताते चलें कि आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य नारायण सिंह द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 8 की धारा (1) के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग सीधी के यहां आवेदन देकर 30 जुलाई 2025 को कुछ बिन्दुओं की जानकारी मांगी गई थी। मांगी गई जानकारी में कार्यपालन यंत्री कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग सीधी के चेक, डीडी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज में सितम्बर 2024 में आग से जलाकर नष्ट करने की हुई विभागीय जांच से संबंधित समस्त जांच प्रतिवेदन एवं नस्ती की सत्यापित छायाप्रति सहित जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। समयसीमा बीतने के बाद भी वांछनीय जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। लिहाजा प्रथम अपील अंतर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का आवेदन प्रस्तुत किया गया। फिर भी जानकारी देने में हीला-हवाली का दौर बना रहा। बाद में किसी तरह आधी-अधूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई। आधी-अधूरी जानकारी देने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। खासतौर से जांच के दौरान जो नस्ती तैयार की गई थी उसको गायब करने की जानकारी सामने आ रही है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का गोलमाल जवाब सामने आ रहा है। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान तैयार की गई नस्ती को गायब कर दिया गया है। जिससे दोषी को बचाने में पूरी मदद मिल सके। तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज कुमार बाथम द्वारा इस मामले को लेकर जांच के दौरान नोटशीट तैयार कराया था। शिकायत पर नस्ती कार्यवाहीं की गई थी। वहीं संबंधित शाखाओं की टीप भी ली गई थी। साथ ही अग्रिम कार्यवाहीं के अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखा गया था।




### अग्रिम कार्यवाही के लिए एसई को भेजा गया पत्र भी नहीं मिला

कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज कुमार बाथम द्वारा अग्नि काण्ड मामले में जांच की सार्थक प्रकिया शुरू की गई थी। उनके द्वारा जांच की नोटशीट तैयार कराई गई थी। जांच शिकायत पर नस्ती कार्यवाही की गई थी। साथ ही संबंधित शाखाओं की टीप ली गई थी। पूरी प्रक्रिया के बाद अग्रिम कार्यवाही के लिये अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखा गया था। श्री बाथम का स्थानांतरण होते ही अधीक्षण यंत्री को भेजा गया पत्र भी कार्यालय से गायब हो गया।

### लोक सूचना अधिकारी की कार्यप्रणाली पर खड़े हो रहे सवाल

कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी कार्यालय में नियुक्त लोक सूचना अधिकारी राजभान तिवारी डीएम की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उनके द्वारा आरईएस अग्नि काण्ड मामले में लगाई गई आरटीआई पर जानकारी देने से काफी हीला-हवाली आरंभ से की जा रही थी। आरटीआई आवेदन लगने के 30 दिन बाद भी वांछनीय जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। लिहाजा आरटीआई कार्यकर्ता को प्रथम अपील प्रस्तुत करनी पड़ी। अपील के बाद भी लोक सूचना अधिकारी द्वारा संबंधित जानकारी देने में रोड़ा अटकाया जाता रहा, बाद में आधी-अधूरी जानकारी देने की औपचारिकता निभाई गई।

### इनका कहना है

शिकायत पर जांच कार्यवाहीं कर नस्ती तैयार की गई थी। वहीं संबंधित शाखाओं की टीप ली गई थी और अग्रिम कार्यवाही के लिये अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखा गया था।

**इंजी .मनोज कुमार बाथम, तत्कालीन प्रभारी ईई आरईएस सीधी**

नस्ती यदि नहीं मिलती तो इस मामले में वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा जायेगा। साथ ही नये सिरे से संबंधितों के कथन भी लेता हूं।

**इंजी .सी .एल .साकेत, ईई आरईएस सीधी**

# एसआईआर सर्वे टीम के साथ शराबियों ने किया दुर्व्यवहार

नवभारत न्यूज

**हिनौता 21 नवम्बर। जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिहा में आज 21 नवम्बर को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब पंचायत भवन में चल रहे एसआईआर सर्वे कार्य के दौरान कुछ शराबी व्यक्तियों ने सर्वे कर रही टीम के साथ गाली-गलौज व दुर्व्यवहार किया।**



सूत्रों के अनुसार सर्वे कर्मचारी पंचायत भवन में रिकॉर्ड इकट्ठा करने और घरों का डिजिटल सत्यापन करने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान नशे की हालत में अनुज सिंह पिता शिवराज सिंह, राजकुमार सिंह पिता रंगीलाल सिंह खजुरिहा व पंचम सिंह पिता इंद्रपाल सिंह पहुंचे। एसआईआर टीम को काम करने से रोकते हुए अभद्र भाषा का उपयोग करते रहे। उसी समय एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिसमे अतिरिक्त सीईओ जिपं सीधी धनंजय मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी जनपद मझौली प्रदीप मंडले, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जपं मझौली अशोक माथुर, बीएलओ, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटेदार, पटवारी आदि लोग मौजूद थे। गाली गलौज व कार्य में व्यवधान को मद्देनजर रखते ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर अनुज पिता शिवराज सिंह निवासी खजुरिहा को मड़वास थाने ले गई जबकि दो लोग मौके से फरार हो गए। अब देखना यह होगा कि पुलिस इन पर क्या कार्यवाही करती है या फिर कालम पूर्ति करके छोड़ देती है

### इनका कहना है

यह लोग आए दिन ग्राम पंचायत में व लोगों के साथ गाली गलौज व अभद्र व्यवहार करते रहते हैं।

**रमेश केवट, सचिव**
**ग्राम पंचायत खजुरिहा**

# सीधी की टीम ने 441 रन बनाकर 9 विकेट पर घोषित कर दी पारी

## प्रांजल पांडे 132 रन व सिद्धार्थ सिंह ने बनाए शानदार 77 रन

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। रीवा एमपीसी ग्राउंड में खेले जा रहे अंडर-22 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में डीसीए सीधी और डीसीए सतना के बीच दो दिनों तक रोमांचक मुकाबला जारी रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीधी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 441 रन बनाकर 9 विकेट पर अपनी पारी घोषित कर दी।**

सीधी के शीर्ष क्रम ने बेहतरीन तकनीक और धैर्य का प्रदर्शन किया। टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज



प्रांजल पांडे ने 132 रन की लाजवाब शतकीय पारी खेली। उनके साथ सिद्धार्थ सिंह ने 77 रन, विनीत सिंह ने 62 रनए और अभिषेक गौतम ने 60 रन का मूल्यवान योगदान दिया, जिससे टीम बड़े स्कोर तक पहुंच सकी। सतना की गेंदबाजी में अनंत और सागर ने 2-2 विकेट लेते हुए कुछ दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन सीधी की मजबूत बल्लेबाजी के सामने अन्य गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सके। बड़े स्कोर के जवाब में सतना की टीम ने दूसरे दिन संभलकर शुरुआत की और 160/1 पर खेल खत्म किया। सीधी की ओर से कृष्णा भार्गव ने एकमात्र विकेट लिया। सतना की बल्लेबाजी में आज सागर ने शानदार 97 रन बनाकर नॉट आउट रहते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, उनके साथ हर्षित 25 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों बल्लेबाजों की यह साझेदारी सतना की उम्मीदों को जिंदा रखे हुए है। दो दिनों के खेल के बाद मुकाबला बेहद दिलचस्प मोड़ पर है। एक ओर सीधी की पहली पारी का विशाल स्कोर उन्हें बढ़त दिलाता है वहीं सतना की ओर से सागर और हर्षित की सधी हुई बल्लेबाजी मैच को संतुलन में बनाए हुए है। तीसरे दिन का खेल निर्णायक सिद्ध हो सकता है और तय करेगा कि इस हाई-वोल्टेज सेमीफाइनल में फाइनल का टिकट किस टीम को मिलेगा।

# जिला जेल में कैदियों को नहीं मिल रहा अच्छा भोजन: राम चरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। आम आदमी पार्टी के नेता राम चरण सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पड़रा सेंट्रल जेल सीधी की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है और वहां व्याप्त अव्यवस्थाएं मानवीय मूल्यों एवं मानवाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही हैं।**



जेल में बंदियों को दी जा रही बुनियादी सुविधाएं अत्यंत खराब स्तर की हैं जिसके कारण बंदियों एवं उनके परिजनों में गहरी नाराजगी एवं असंतोष देखने को मिल रहा। श्री सोनी ने बताया कि मैने बंदियों एवं उनके परिवारजनों द्वारा मिली जानकारी के आधार पर कई समस्याएं अत्यधिक गंभीर रूप से सामने आई हैं। जिसमें शुद्ध पेयजल की भारी कमी, जेल परिसर में बंदियों को उपलब्ध कराया जाने वाला पानी गंदा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। अशुद्ध पानी के सेवन से कई बंदी बीमार पड़ रहे हैं परन्तु समय पर सुनवाई न होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। अत्यंत निम्न स्तर का भोजन जिसमें दाल पानी जैसी पतली, नाममात्र मौजूद चावल अति घटिया किस्म जो खाने लायक नहीं होते हैं। सब्जियां लगभग अनुपलब्ध या खाने योग्य नहीं होती हैं। भोजन का पोषण स्तर शून्य है।

जबकि सरकार द्वारा जेल हेतु पर्याप्त बजट जारी किया जाता है परन्तु उसके बावजूद भोजन की गुणवत्ता अत्यंत खराब है। अगर बात करें चिकित्सा की तो व्यवस्था पूर्णत: ध्वस्त, डॉक्टर का समय पर न मिलना दवाइयों की भारी कमी है। बीमार बंदियों को समुचित उपचार न मिल पाने से उनके स्वास्थ्य पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।

# रंगदूत की पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन, बच्चों ने सीखी रंगमंच की बारीकियां

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। रंगमंच एवं नाट्यकला न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह लोगों को शिक्षित, प्रेरित करने और सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना जगाने का भी एक सशक्त माध्यम रहा है।**

इसी क्रम में रंगदूत सीधी द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोतर खुर्द रामजानकी नगर में आयोजित पांच दिवसीय नि:शुल्क बाल नाट्य कार्यशाला का बीती दोपहर 1 बजे इसका समापन हुआ। 21 नवम्बर को इन पांच दिनों में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों ने रंगमंच की बारीकियां सीखने के बाद समापन समारोह में एक



शानदार कविताओं की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यशाला के अंतिम दिन बच्चों ने जो आत्मविश्वास और कला कौशल दिखाया, वह उनके गहन प्रशिक्षण का परिणाम था। निदेशक अनंत मिश्रा के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का प्रयोग करते हुए हाव-भाव, संवाद अदायगी और मंच प्रबंधन जैसे हर पहलू में अपनी प्रतिभा को साबित किया। विद्यालय की प्रभारी हेडमास्टर श्रीमती रंजना माझी ने कहा ये पाँच दिन हमारे स्कूल के बच्चों के लिए परिवर्तनकारी रहे हैं। कला केवल मनोरंजन नहीं है यह जीवन कौशल सिखाती है। रंगदूत सीधी का संकल्प कार्यशाला का निर्देशन कर रहे अनंत मिश्रा ने समापन की घोषणा करते हुए सभी सहयोगी प्रशिक्षकों गौरव वर्मा और राजेन्द्र दुबे का एवं विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रचना तिवारी, श्रीमती छाया सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीधी के बच्चों में अद्भुत प्रतिभा है और हमें उन्हें बस सही मंच और प्रशिक्षण देने की ज़रूरत है। कार्यशाला के समापन पर सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्टेशनरी का एक सेट भेंट किया गया। इस अवसर पर रंगदूत के कलाकार कुलदीप सोनी, सुनील कुमार रावत और रवित मिश्रा सहित कई अभिभावक भी मौजूद रहे जिन्होंने इस सफल आयोजन के लिए रंगदूत सीधी और विद्यालय प्रशासन की सराहना की। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से अनीता कोल, अनन्या कोल, जानवी साकेत, अनुराधा कोल, प्रियंका कोल, पिंकी कोल, अंतिमा साकेत, शिवानी कोल, अंजली साकेत, दुर्गा कोरी, राधा भुजवा, कोमल केवट, जीविका कोल, अजय कोल, शिवम कोल, आदित्य कोल, अंश केवट, सागर कोल, कृष्णा कोल, समीर कोल आदि कई बच्चे शामिल थे।




# शा .उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 सीधी में आयोजित हो रही दैनिक छात्र कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय क्रमांक 1 में प्राचार्य एस.एन.त्रिपाठी के निर्देशन व मार्गदर्शन में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास की दैनिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।**

इस कार्य के लिए एक व्यवस्थित टीम का निर्माण किया गया है जो निश्चित दो कक्षा व संकाय के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 3:45 से 4:45 तक विवेकानंद सभागार में लाने व बैठाने का कार्य करती है। इस कार्यशाला में प्रतिदिन एक मुख्य अतिथि को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। 18 नवम्बर को जे.पी.मिश्र सेवानिवृत प्राचार्य, 19 नवंबर को आर.पी.तिवारी पूर्व प्राचार्य तथा 20 नवम्बर को डॉ.लहरी सिंह सेवानिवृत्ति सहायक प्राध्यापक लेखक व साहित्यकार को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। यह क्रम निरंतर चल रहा है। इस कार्यशाला में विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों जैसे उमंग, उज्जवल, ओजस यूथ क्लब, इको क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत आदि सभी कार्यक्रमों को समाहित किया गया है। सभी प्रभारी शिक्षक इस समिति के सदस्य भी है। सभी विद्यार्थियों में इस कार्यक्रम से नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त हो रही है तथा उनके चरित्र निर्माणए अनुशासन, समयबद्धता व व्यक्तित्व में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। वर्तमान समय में बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों में मोबाइल के दुरुपयोग, ट्यूशन, घूमने और साथी संगत के प्रभाव से अनुशासनहीनता व चारित्रिक गिरावट की शिकायते बढ़ रही थी जिसे देखते हुए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जो आगामी समय में विद्यार्थियों को इन बुराइयों से हटाकर एक अच्छे श्रेष्ठ नागरिक बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की टीम में विजय सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक, अरविंद गौतम, आर.पी. पाठक, डॉ.विनोद सिंह, मोहम्मद अली, डॉ.सुशील सिंह, सीमा द्विवेदी, डॉ.सुधाकरधर द्विवेदी, दिनेश कुमार गुप्ता, हंसराज गिरि, डॉ.लक्ष्मी सितानी, विजय सिंह आदि लोक सेवकों की सेवाएं ली जा रही हैं।

# मारपीट के आरोपियों को एक वर्ष के कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा

नवभारत न्यूज

**चुरहट 21 नवम्बर। मारपीट के आरोपियों को न्यायाधीश जेएमएफसी चुरहट की न्यायालय ने एक वर्ष के कारावास की सजा से अर्थदण्ड से दंडित किया है।**

बताया गया कि 24.01.2021 को फरियादी रामकृष्ण गुप्ता पिता कामता प्रसाद गुप्ता उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम पोडी चौकी सेमरिया में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह ग्राम पोड़ी का रहने वाला है। वह दुकानदारी का काम करता है। दिनांक 24.01.2024 को 9 बजे मेरी भयाहू मधु गुप्ता मेरे घर के सामने कचरा फेंक दी थी तब मैने मना किया कि मेरे घर के सामने मत फेंको तो इसी बात को लेकर मधु गुप्ता एवं मेरा छोटा भाई संतोष गुप्ता मुझे मां बहन की गालियां देने लगे। इतने में मेरी पत्नी उर्मिला गुप्ता भी आ गई तो उसे भी दोनों गालियां देते हुए हम दोनों को हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे एवं लोहे के बाट से मधु गुप्ता मेरी पत्नी के सिर में मारी, जिससे खून बहने लगा। हल्ला गुहार होने पर अमित पाल एवं उसकी मां बीच-बचाव किए, तब दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट से फरियादी रामकृष्ण गुप्ता के सिर में एवं उर्मिला गुप्ता को माथे में सूजनदार चोट लगी। जिसकी रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरुद्ध चौकी सेमरिया में अपराध क्रमांक 91/2021 धारा 294, 323, 506, 34, 325 भारतीय दंड संहिता का कायम कर पुलिस द्वारा विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र चुरहट न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्र. 143/2021 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गरूण कुमार कोल के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। जिसके परिणामस्वरूप न्यायाधीश जेएमएफसी चुरहट की न्यायालय के अभियुक्तगण संतोष गुप्ता पिता कामता प्रसाद गुप्ता उम्र 35 वर्ष तथा मधु गुप्ता पत्नी संतोष गुप्ता उम्र. 30 वर्ष दोनो निवासी ग्राम पोड़ी चौकी सेमरिया थाना चुरहट जिला सीधी को धारा 325 में 1-1 वर्ष सश्रम कारावास तथा 1000-1000 रुपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 323(दो शीर्ष) में न्यायालय उठने तक का कारावास तथा 500-500 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# लापरवाही पर कार्यवाही, नए बीएलओ की नियुक्ति

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। उपखण्ड अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 की प्रक्रिया प्रगतिरत है।**

इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 172 शिवपुरवा में पदस्थ बीएलओ अनिल पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक द्वारा निर्वाचन कार्य के प्रति गंभीर एवं घोर लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध विशुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सीधी को प्रेषित किया गया है। एसआईआर 2026 अंतर्गत समय-सीमा आधारित कार्यों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, मतदान केन्द्र क्रमांक 172 शिवपुरवा में चंदन सिंह, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत शिवपुरवा को तत्काल प्रभाव से नया बीएलओ नियुक्त किया गया है। निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# पूजा पार्क में कवि सम्मेलन समय समागम 2 .0 का हुआ आयोजन

## सुप्रसिद्ध कवियों ने किया काव्य पाठ, देर रात्रि तक चला कवि सम्मेलन, पत्रकार, साहित्यकार और संगीतज्ञ हुए समय समागम अलंकरण से अलंकृति

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 नवम्बर। शहर के पूजा पार्क में समय इंडिया 24 और द कलाकृति फाउंडेशन के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन समय समागम 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में देश के कई सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्य पाठ कर श्रोताओं के बीच जादू बिखेरा और देर रात तक काव्य पाठ सुन कर श्रोता झूमते रहे।**

समय समागम 2.0 कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, सुप्रसिद्ध हास्य कवि अशोक बेशरम प्रयागराज, हास्य कवि नरकंकाल लखनऊ, हास्य कवि नीरज पाण्डेय रायबरेली,



कवियित्री कृति चौबे, वीर रस धर्मवीर धरम दिल्ली, श्रृंगार और हास्य कवि अतुल पटवारी, वीर रस कवि हर्ष पाण्डेय सरस सहित अन्य कवि एवम कवयित्रियों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने बताया कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय परिसर रीवा के निदेशक डॉ.सतेन्द्र डेहरिया, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार जयराम शुक्ला की उपस्थिति, समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे पत्रकारिता क्षेत्र में पत्रकार कृपाशंकर तिवारी, साहित्य के क्षेत्र में साहित्यकार डॉ.शिवशंकर मिश्र सरस एवं संगीत के क्षेत्र में संगीतज्ञ योगेश्वर तिवारी को समय समागम अलंकरण से अलंकृति किया गया। श्री गौतम ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, द कलाकृति फाउंडेशन और समय इंडिया 24 के पदाधिकारियों, पत्रकार बंधुओं सहित सहकर्मियों के प्रति कार्यक्रम को सफल बनाने महती भूमिका को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### सामाजिक आयोजनों से बढ़ती है एकता: रीती

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने समय समागम कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने हेतु आये हुए देश के नामचीन कवियों का स्वागत शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर किया गया। श्रीमती पाठक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना आवश्यक है जिससे आपसी प्रेम सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम आयोजक मंडल सफल आयोजन के लिये साधुवाद के पात्र हैं। ऐसे आयोजनो से मनोरंजन, मानसिक तनाव से राहत और सामाजिक सांस्कृतिक जुड़ाव महसूस होता है। यह भाषा और साहित्य को बढ़ावा देता है, समाज में जागरूकता फैलाता है और लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। इसके अतिरिक्त पूर्व में कवि सम्मेलनों का उपयोग स्वतंत्रता संग्राम जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों में लोगों को प्रेरित करने के लिए भी किया गया थाए जो कि उक्त क्रम आज भी जारी है। यह भारतीय संस्कृति और साहित्य की समृद्ध विरासत का उत्सव है। कवि सम्मेलन के माध्यम से विद्वान कवि समाज की कुरीतियों, विसंगतियों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। श्रीमती पाठक ने कहा कि समाज को जागृति करने और देश को आजाद कराने से लेकर युवाओं के प्रति देश प्रेम को प्रेरित करने में कवियों, साहित्यकारों का सदैव योगदान रहा है।